भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1718
उत्तर देने की तारीख-10/03/2025

कर्नाटक में पीएम श्री स्कूलों के लिए धनराशि

†1718. श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक के चित्रदुर्ग और तुमकुरु जिलों में पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के तहत प्रत्येक स्कूल को आवंटित, स्वीकृत और उपयोग की गई कुल धनराशि कितनी है;
(ख) इन जिलों में पीएम श्री स्कूलों में सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं का ब्यौरा क्या है; और
(ग) इन स्कूलों में डिजिटल शिक्षा पहल, नेतृत्व कौशल और संस्कृति संबंधी नवाचार को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर्नाटक के चित्रदुर्ग और तुमकुरु जिलों में पीएम श्री योजना के तहत प्रत्येक स्कूल द्वारा आवंटित, स्वीकृत और उपयोग की गई कुल निधियों का ब्यौरा अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न है।

(ख): अवसंरचना को बढ़ाने के लिए, पीएम श्री योजना में पीएम श्री स्कूलों को विज्ञान प्रयोगशालाओं, आईसीटी-सक्षम स्मार्ट कक्षाओं, पुस्तकालय, फर्नीचर और खेल के मैदान से समर्थ बनाने का प्रावधान है। इसके अलावा, स्मार्ट बोर्ड जैसे डिजिटल लर्निंग टूल आधुनिक, प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षा को सहायता प्रदान करते हैं। एलईडी लाइटिंग, खाद बनाने की सुविधा और औषधीय उद्यानों की शुरूआत जैसे प्रयास पर्यावरण के अनुकूल "ग्रीन स्कूल" बनाते हैं।
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र आईसीटी लैब, विज्ञान लैब, लैब उपकरण, डिजिटल पुस्तकालय, क्लासरूम डिजिटल बोर्ड, स्मार्ट क्लासरूम, एलईडी लाइटिंग, कंपोस्टिंग सुविधाएं आदि जैसी कमियों की पहचान करके प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत घटक-वार प्रस्ताव का मूल्यांकन किया जाता है और वित्तीय और कार्यक्रम संबंधी मानदंडों

और उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा मंजूरी दी जाती है।

(ग): पीएम श्री योजना का लक्ष्य डिजिटल शिक्षा, नेतृत्व कौशल और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', हेरिटेज वॉक, कालिका हब्बा-लर्निंग फेस्टिवल, कलोत्सव और कल्चरल निनाद-सांस्कृतिक कॉर्नर को एकीकृत करके छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। इसके अलावा, पीएम श्री योजना में शैक्षणिक नेतृत्व और स्कूल शासन को मजबूत करने के लिए पीएम श्री स्कूल के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के लिए डिजिटल शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ाने के लिए आईसीटी-सक्षम स्मार्ट कक्षाओं और डिजिटल पुस्तकालयों का प्रावधान है।

*****

अनुलग्नक-I

माननीय संसद सदस्य श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल द्वारा 'कर्नाटक में पीएम श्री स्कूलों के लिए धनराशि' के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1718 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

चित्रदुर्ग जिले में आवंटित और उपयोग की गई निधि का विवरण इस प्रकार है:

(रू. लाख में)

	स्कूल का नाम	**2023-24**		**2024-25**	
		आवंटित निधि	**उपयोग की गई निधि**	**आवंटित निधि**	**उपयोग की गई निधि**
1	जीएमएचपीएस ब्रह्मसागर	75.62	28.78	181.16	24.38
2	जीएचपीएस याराबल्ली	34.44	24.45	100.86	10.84
3	सरकारी उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कोंडलाहल्ली	36.44	18.60	81.02	11.67
4	जीएचपीएस कुराबराहल्ली	लागू नहीं	लागू नहीं	45.63	6.17
5	जीएचपीएस कवाडिगराहट्टी	लागू नहीं	लागू नहीं	46.28	6.11
6	जीएमएचपीएस गर्ल्स चल्लकेरे	लागू नहीं	लागू नहीं	49.81	6.15
7	जीएचपीएस कामसमुद्र (आरएमएसए)	लागू नहीं	लागू नहीं	109.66	7.00
8	जीएचपीएस शुगर फैक्ट्री	लागू नहीं	लागू नहीं	31.32	6.03
9	जीएचपीएस स्कूल (गर्ल्स) होलालकेरे	लागू नहीं	लागू नहीं	33.65	6.24
10	जीएचपीएस एच डी पुरा	लागू नहीं	लागू नहीं	51.96	6.56
11	जीएचपीएस यल्लाबोविहट्टी	लागू नहीं	लागू नहीं	34.10	5.44
12	सरकारी बालिका उच्चतर प्राथमिक विद्यालय मोलकालमुर	लागू नहीं	लागू नहीं	36.38	6.85
13	जीएचपीएस एवं एचएस कोनापुरा	लागू नहीं	लागू नहीं	122.42	14.24
	कुल	**146.51**	**71.85**	**924.31**	**117.73**

*नोट: लागू नहीं – विद्यालय इस योजना में शामिल नहीं हैं।

तुमकुरु जिले में आवंटित और उपयोग की गई निधि का विवरण इस प्रकार है:

(रू. लाख में)

क्र.सं.	**स्कूल का नाम**	**2023-24**		**2024-25**	
		आवंटित निधि	**उपयोग की गई निधि**	**आवंटित निधि**	**उपयोग की गई निधि**
1	जीएचपीएस हुलियार थम्मदिहल्ली	29.48	19.38	74.17	10.08
2	जीएचपीएस कदाशेट्टीहल्ली	32.17	20.72	46.23	10.63
3	जीकेबीएमएस कुनिगल वार्ड-12	26.67	18.65	103.87	10.31
4	कर्नाटक पब्लिक स्कूल्स, सरकारी जीएचपीएस मॉडल नोनाविनाकेरे	24.16	16.98	87.31	10.50
5	जीएमएचपीएस उरदिगेरे	30.97	23.45	74.05	10.16
6	कर्नाटक पब्लिक स्कूल्स, जीएमएचपीएस डानाडिना शिवारा	19.25	15.03	49.63	9.52
7	सरकारी जीएचपीएस मॉडल हलेपल्या वार्ड-12	लागू नहीं	लागू नहीं	40.95	6.69
8	जीएचपीएस मारलूर वार्ड-28	लागू नहीं	लागू नहीं	37.42	6.15
9	जीएचपीएस नागसंद्रा	लागू नहीं	लागू नहीं	48.03	6.13
10	जीएचपीएस बालक गुब्बी वार्ड-10	लागू नहीं	लागू नहीं	40.42	6.65
11	जीएमएचपीएस बालक वार्ड-6	लागू नहीं	लागू नहीं	51.32	7.52
	कुल	**162.72**	**114.24**	**653.45**	**94.38**

*नोट: लागू नहीं – विद्यालय इस योजना में शामिल नहीं हैं।

*****